**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**Test Booklet No.**

| J | 9 | 0 | 1 | 0 |
|---|---|---|---|---|

Time : 2 $^1/_2$ hours] **PAPER-III** [Maximum Marks : **200**

# INTERNATIONAL AND AREA STUDIES

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

**INTERNATIONAL AND AREA STUDIES**

**अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय अध्ययन**

**PAPER – III**

**प्रश्नपत्र – III**

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION – I
## खंड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks, each to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस-बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ (500)** शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Discuss the basic principles of Indo-US strategic partnership and why this partnership elevated India to have a protocol to develop civilian technology for nuclear power production ?
भारत-अमेरिकी सामरिक भागीदारी के आधारभूत सिद्धांतों की विवेचना कीजिए तथा यह बताइए कि इस भागीदारी ने क्यों भारत को अणु-शक्ति के उत्पादन हेतु असैनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए प्रोटोकोल बनाने का औदात्य प्रदान किया ?

**OR / अथवा**

Bring out the major arguments articulated by India in the Copenhagen Conference on Global Climate change.
कोपेनहेगन में आयोजित 'वैश्विक जलवायु परिवर्तन पर सम्मेलन' में भारत द्वारा प्रस्तुत मुख्य दलीलों की चर्चा कीजिए ।

2. Trace the history of International terrorism and its impact on the security of Nation-States. Explain with a suitable case study.
अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के इतिहास तथा राष्ट्र-राज्यों की सुरक्षा पर इसके प्रभाव का विवरण दीजिए । एक उपयुक्त केस-अध्ययन के द्वारा इसकी व्याख्या कीजिए ।

**OR / अथवा**

Assess the impact of globalization on developing countries.
विकासशील देशों पर वैश्वीकरण के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए ।

## SECTION – II
## खंड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions from each of the electives/specializations. The candidate has to choose only one elective/specialization and answer all the three questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन (3)** प्रश्न है । अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी के **तीनों** प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह (15)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I
### विकल्प – I

3. Examine the ways-and-means by which the post-colonial States have combated the phenomenon of neo-colonialism.
उन उपायों और तरीकों का परीक्षण कीजिए जिनके द्वारा, उपनिवेश की समाप्ति के बाद, पहले के उपनिवेशीय देशों ने नव-उपनिवेशवाद का सामना किया ।

4. Discuss the impact of liberal nationalism on the modern Nation-State.
आधुनिक राष्ट्र-राज्य पर उदारतावादी राष्ट्रीयतावाद के प्रभाव की विवेचना कीजिए ।

5. A major problem with the idea of 'end of history' is that no sooner had it been proclaimed, than new ideological forces surfaced. Discuss.
'इतिहास का अंत' के विचार के साथ एक बड़ी समस्या यह है कि इसकी घोषणा करने के साथ ही नवीन वैचारिक बल उठ खड़े होंगे । विवेचना कीजिए ।

**OR / अथवा**

**Elective – II**

**विकल्प – II**

3. 'Armed Forces Special Powers Act has come under criticism by the States as being draconian and sometimes as unconstitutional.' Discuss.
'आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर्स ऐक्ट की आलोचना राज्यों द्वारा इसकी क्रूरता तथा कभी कभी असंवैधानिकता के लिए की जाती रही है ।' विवेचना कीजिए ।

4. What is Proxy War ? Discuss this in the context of South Asia.
प्रॉक्सी वार क्या है ? दक्षिण एशिया के प्रसंग में इसकी विवेचना कीजिए ।

5. Compare and contrast the strategic ideas of Clausewitz and A.T. Mahan.
क्लौजेविट्ज़ तथा ए. टी. महान के युद्धनीतिक विचारों की समानताओं तथा विषमताओं का वर्णन कीजिए ।

**OR / अथवा**

**Elective – III**

**विकल्प – III**

3. Examine the reasons for the disintegration of the Ottoman Empire.
ऑटोमन साम्राज्य के विघटन के कारणों का परीक्षण कीजिए ।

4. Discuss the contemporary trends in India–West Asia Relations.
भारत-पश्चिम एशिया संबंधों में नवीन प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए ।

5. Bring out the impact of the idea of Pan-Arabism on West Asian Politics.
पश्चिम एशियाई राजनीति पर पैन-अरबवाद के विचार के प्रभाव का वर्णन कीजिए ।

**OR / अथवा**

**Elective – IV**

**विकल्प – IV**

3. Examine with reference to a few Southeast Asian countries, the impact of Japanese occupation on nationalist movements in the region.
दक्षिण-पूर्व के कुछ एशियाई देशों में राष्ट्रीयतावादी आंदोलनों पर जापानी कब्जे का परीक्षण कीजिए ।

4. Write an essay on secessionist movements in any two countries of Southeast Asia.
दक्षिण-पूर्व एशिया के किन्हीं दो देशों में पृथकतावादी आन्दोलनों पर एक निबंध लिखिए ।

5. Examine the role of the United States in Southeast Asia with special reference to the objectives of American foreign policy in the region after the end of the Cold War.
शीत युद्ध की समाप्ति के बाद अमेरिकी विदेश नीति के विशेष संदर्भ में दक्षिण-पूर्व एशिया के क्षेत्रों में यूनाइटेड स्टेट्स की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

**OR / अथवा**

**Elective – V**

**विकल्प – V**

3. Review the process of Afro-Arab interaction.
अफ्रो-अरब अंत:क्रिया की प्रक्रिया की समीक्षा कीजिए ।

4. Discuss the role of external factors in dismantling apartheid.
रंगभेद को दूर करने में बाह्य कारकों की भूमिका की चर्चा कीजिए ।

5. Bring out the impact of globalisation on the economies of Africa.
अफ्रीका की अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के प्रभाव का वर्णन कीजिए ।

**OR / अथवा**

## Elective – VI
## विकल्प – VI

3. Explain the nature of democratic transition in the Post-Soviet States.
उत्तर-सोवियत देशों में प्रजातांत्रिक परिवर्तन की प्रकृति की व्याख्या कीजिए ।

4. Evaluate the Soviet policy towards developing countries with special reference to South Asia.
दक्षिण एशिया के विशेष संदर्भ में विकासशील देशों के प्रति सोवियत नीति का मूल्यांकन कीजिए ।

5. Critically examine Russia's 'near abroad' policy.
रूस की 'नियर अब्रॉड' नीति का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

**OR / अथवा**

## Elective – VII
## विकल्प – VII

3. Examine the genesis, growth and impact of Tamil Nationalism in Sri Lanka.
श्रीलंका में तमिल राष्ट्रीयतावाद के उद्‌भव, विकास तथा प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

4. Discuss the salience of the composite dialogue between India and Pakistan.
भारत तथा पाकिस्तान के बीच संयुक्त वार्तालाप की प्रमुख बातों की विवेचना कीजिए ।

5. Examine the role of external powers in South Asian Politics.
दक्षिण एशियाई राजनीति में बाह्य शक्तियों की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

**OR / अथवा**

## Elective – VIII
## विकल्प – VIII

3. Discuss the impact of the 9/11 incident on America's National Security Policy and Strategy.
अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तथा युद्धनीति पर 9/11 की घटना के प्रभाव की चर्चा कीजिए ।

4. How do you assess US-Mexico relations in the context of Mexican Migration to the US ?
मेक्सिको के निवासियों द्वारा यू.एस. में देशांतरण के परिप्रेक्ष्य में यू.एस.-मेक्सिको का मूल्यांकन आप कैसे करते हैं ?

5. What are the steps taken by President Barack Obama to reform the US health care system ?
यू.एस. की स्वास्थ्य रक्षण प्रणाली में सुधार लाने के लिए राष्ट्रपति बाराक ओबामा द्वारा कौन से कदम उठाए गए ?

**OR / अथवा**

## Elective – IX
## विकल्प – IX

3. Write a critique on the Panama Canal with special reference to the Canal's current status.
पनामा नहर पर, इस नहर की वर्तमान स्थिति के विशेष संदर्भ में एक समीक्षा लिखिए ।

4. "Brazil is the energy superpower of Latin America" Comment.
"ब्राजील लैटिन अमेरिका की ऊर्जा-महाशक्ति है ।" टिप्पणी कीजिए ।

5. Discuss the role of the Organisation of American States (OAS) in promoting trade in Latin America.
लैटिन अमेरिका में व्यापार को बढ़ावा देने में ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरिकन स्टेट्स (ओ ए एस) की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

## SECTION – III
## खंड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 marks)**

**नोट :** इस खंड में **दस-दस (10-10)** अंकों के **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. Examine the role of Amnesty International in protecting Human Rights.
मानवाधिकारों का संरक्षण करने में एम्नेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

7. Comment on the Eastward expansion of NATO in the Post Cold War era.
उत्तर शीत-युद्ध काल में नाटो के ईस्टवार्ड एक्स्पैंसन पर टिप्पणी लिखिए ।

8. Discuss the impact of India's Look-East policy for the development of the North-East region.
उत्तर-पूर्व क्षेत्रों के विकास हेतु भारत की 'लुक-ईस्ट' नीति के प्रभाव की विवेचना कीजिए ।

9. Examine the role of private sector in ensuring India's energy security.
भारत की ऊर्जा-सुरक्षा को सुनिश्चित करने में निजी क्षेत्रों की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

10. What was containment ? Who coined this terminology ?
'काँटेनमेंट' क्या था ? इस पद को किसने गढ़ा ?

11. Examine the recent trends in India-Sri Lankan relations after the end of ethnic war.
नृजातीय युद्ध के काल के बाद भारत-श्रीलंका संबंधों में नवीन प्रवृत्तियों का परीक्षण कीजिए ।

12. Examine the importance of the African Continent for India's energy security.
भारत की ऊर्जा-सुरक्षा के लिए अफ्रीकी महादेश के महत्त्व का परीक्षण कीजिए ।

13. Examine the role of NGOs in protecting Human Rights.
मानवाधिकारों के संरक्षण में एन जी ओ की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

14. Explain the impact of the change in Government in Bangladesh, on relations with India.

बंगलादेश में सरकार परिवर्तन का इसके भारत के साथ संबंधों पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए ।

## SECTION – IV
## खंड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words. **(5 × 5 = 25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

If the cold war period was marked by a clear and sharp divide between opposing socio-economic systems operating by radically different standards, then the post-cold war order could readily be characterized as one where states were compelled to play by a single set of rules within an increasingly competitive world economy. The term most frequently used to describe this new order was globalization, a notion that had barely been used before 1989, but now came be to employed ever more regularly to define an apparently new system of international relations. Globalization, however, seemed to mean different things to different theorists. Thus for one school it was assumed to be undermining borders and states – quite literally abolishing the Westphalian system. Others took a less cataclysmic view.

Globalization, they agreed, was providing a different context within which international relations was now being played out. But it would be absurd to conclude that it was doing away with the state or destroying the underlying logic of anarchy. Some writers were even sceptical of whether there was anything especially novel about globalization. Capitalism after all had always been a global system. Since the sixteenth century interdependence had been one of its more obvious features. So why assume that there was very much new about the phenomenon simply because academics and publicists talked about it with greater frequency ?

यदि शीत-युद्ध का काल, आत्यंतिक रूप से भिन्न मानकों द्वारा संचालित सामाजिक-आर्थिक प्रणालियों के बीच स्पष्ट एवं तीक्ष्ण विभाजन को इंगित करता है, तो उत्तर शीत-युद्धकालीन व्यवस्था को अभिचित्रित करते हुए कहा जा सकता है कि इसमें बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा वाली विश्व-अर्थव्यवस्था के अंतर्गत नियमों के एक एकल सेट में कार्य करने को बाध्य थीं । इस नवीन व्यवस्था का वर्णन करने के लिए बहुधा 'वैश्वीकरण' पद का प्रयोग किया जाता है जो एक ऐसा विचार है जिसका प्रयोग 1989 के पहले बिरले ही किया जाता था, पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की नई प्रणाली को परिभाषित करने के लिए आजकल जिसका लगातार प्रयोग किया जाता है । फिर भी ऐसा प्रतीत होता है कि विभिन्न सिद्धांतशास्त्रियों के लिए वैश्वीकरण का आशय भिन्न-भिन्न है । इस प्रकार एक विचार-पद्धति में यह माना गया कि यह भू-सीमाओं तथा सरकारों के महत्त्व को कम करता है – वेस्टफेलियन सिस्टम को शब्दश: समाप्त करता है । अन्य विचार-पद्धतियों ने कुछ नरम रूख अपनाया । वे इस बात से सहमत थीं कि वैश्वीकरण एक भिन्न संदर्भ उपलब्ध कराता है, परन्तु यह निष्कर्ष निकालना बेतुका होगा कि यह सरकारों को किनारे कर देता है अथवा अराजकता में सन्निहित तर्कसंगति को ध्वस्त करता है । कुछ लोग यह शंका भी प्रकट करते हैं कि वैश्वीकरण के विषय में कुछ भी बिलकुल नया है । इन सबके बावजूद भी पूँजीवाद सदैव से एक विश्वव्यापी प्रणाली बना रहा है । सोलहवीं शताब्दी में परस्पर-निर्भरता इसकी एक सुस्पष्ट विशेषता बन गई । तो केवल इसीलिए यह क्यों मान लिया जाय कि वैश्वीकरण की परिघटना में बहुत नवीनता है, क्योंकि विद्वत् समुदाय तथा प्रचारकगण इसके बारे में बारंबार चर्चा करते रहते हैं ।

15. Comment on the central theme of the above paragraph.
उपरोक्त गद्यांश की केंद्रीय विषय-वस्तु पर टिप्पणी लिखिए ।

16. Discuss briefly the impact of Globalization on the nature of international relations.
अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की प्रकृति पर वैश्वीकरण के प्रभाव की संक्षिप्त चर्चा कीजिए।

17. Is the world in your view anarchical ?
क्या आपके विचार में विश्व अराजकतापूर्ण है ?

18. Examine briefly the impact of the growth of Transnational Capitalism.
ट्रांसनेशनल पूँजीवाद के विकास के प्रभाव का संक्षिप्त परीक्षण कीजिए ।

19. Is interdependence in your opinion a new phenomenon ?
क्या आपके विचार में परस्पर-निर्भरता एक नवीन परिघटना है ?

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) .........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................